हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 30 मार्च 2025


तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री


13 निराई माता के जातरे में न श्रृंगार, न कुमकुम...



14 मंदिरों में आज से आस्था के जगमगाएंगे दीप, नौ ...



[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]






## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज करेंगे अभनपुर-रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

देश के यशस्वी लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 30 मार्च को अभनपुर-रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ करेंगे। शुभारंभ का यह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा। यह जानकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के मंडल रेल प्रबंधक ने दी। जानकारी के मुताबिक शुभारंभ अवसर पर अभनपुर रेल्वे स्टेशन परिसर में प्रदेश के केबिनेट मंत्री केदार कश्यप, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मुणत, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू, आरंग विधायक खुशवंत साहेब, रायपुर के महापौर मीनल चौबे और अभनपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे मौजूद रहेंगे। बता दें कि एक लंबे समय के बाद इस मार्ग पर एक बार फिर नए कलेवर में रेल सेवा का शुभारंभ हो रहा है इससे समूचे अभनपुर




और नवापारा क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संचालन के पूर्व नई पटरी पर कई बार सफल संचालन किया जा चुका है। हालांकि टाइम टेबल की अधिकृत जानकारी नहीं मिल पाई है बहरहाल सूत्रों के मुताबिक पहला ट्रेन रायपुर से सुबह 9 बजे रवाना होकर 9:18 बजे मंदिर हसौद, 9:32 बजे सीबीडी, 9:50 बजे केंद्री और 10:10 ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अभनपुर से नवापारा-राजिम का कार्य पूर्णता की ओर

दूसरी ट्रेन रायपुर से शाम 4:20 से रवाना होकर 4:39 बजे मंदिर हसौद, 4:52 बजे सीबीडी, 5:10 बजे केंद्री व 5:30 बजे अभनपुर पहुंचेगी। फिर यहां से 6:10 बजे रवाना होकर 6:18 बजे केंद्री, 6:32 बजे सीबीडी, 6:45 बजे मंदिर हसौद, 7:20 बजे रायपुर पहुंचेगी। रेल्वे के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह ने बताया कि अभनपुर से नवापारा-राजिम शहर भी रेल लाइन से जुड़ने वाली है कार्य लगभग पूर्णता की ओर है क्योंकि है रेल्वे ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो गया है यहां ट्रेन का ट्रायल भी किया जा चुका है रेल लाइन का कार्य अंतिम चरण पर किया जा रहा है जल्द ही राजिम से अभनपुर तक रेल चलना शुरू हो जाएगा इससे यात्री राजिम से अभनपुर, नया रायपुर होते हुए रायपुर पहुंच सकते है।

## मानसगान प्रतियोगिता का आज होगा समापन

**राजिम।** शुक्रवार को चिपरीडीह में तीन दिससीय भव्य संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक इंद्रकुमार साहू ने किया जिसका समापन रविवार 30 मार्च को होने जा रहा है। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव होंगे। अध्यक्षता नगर पालिका नवापारा के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू करेंगी। विशेष अतिथि के रूप में नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,परदेशीराम साहू सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे। मालूम हो कि महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार स्व उमादेवी दीवान के स्मृति में सुपौत्र पियुषधर दीवान द्वारा 25 सौ रुपए प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरुस्कार स्व कुमारी भगवती की स्मृति में पिता मन्नुलाल साहू ठेकेदार द्वारा 2 हजार रुपए तथा तृतीय पुरूस्कार स्व देवकी सेन के स्मृति में सुपौत्र तरुण सेन शिक्षक द्वारा 15 सौ रूपए दी जाएगी। 30 मार्च को जिन मंडलियों की प्रस्तुति होगी उनमें प्रतिमा बालिका मानस मंडली पुरमटोला राजनांदगांव, जय करूणा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## तेज धूप के चलते दोपहर में सड़कें होने लगीं सुनी



**मैनपुर।** मार्च के अंतिम सप्ताह में वनांचल क्षेत्र में भी गर्मी तेजी से बढने लगा है, मैनपुर नगर में आज अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास पहुच गया दोपहर के समय चिलमिलाती धुप और उमश ने लोगों की परेशानी बढा दी है, गर्मी में सेहत से जुडी परेशानिया भी बढने लगी है तेज धुप का असर लोगों के सेहत पर पढने लगा है, और दोपहर को मैनपुर नगर अब सुना होने लगी है, धुप की तपीस के चलते लोग अपने कान,नाक, चेहरे को गमछे में बांधकर चश्मा लगाकर ही घर से निकल रहे है मौसम विभाग की माने तो अप्रैल मे गर्मी और बढेगी, चिकित्सकों ने बताया कि लू से बचने के लिए पर्याप्त पानी, खीरा, ककडी, तरबूज खाये और डिहाईड्रेशन से बचे।

## रांवड़ में श्रीमदभागवत महापुराण सप्ताह जारी



**राजिम।** रांवड़ के विनायक परिवार द्वारा 26 मार्च से श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। प्रवचणकर्ता पंडित दिलीप त्रिपाठी जी है। कथा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे और शाम 3 से 5 बजे तक का रखा गया है। कथा का आयोजन स्व पुरणलाल निषाद,पुराणिक निषाद,चंद्रिका प्रसाद निषाद,बिसरू निषाद,मिलऊ निषाद, स्व खेदी बाई निषाद, मंटोरा निषाद, परणिया निषाद, मेहतरी निषाद, ▶▶|शेष पेज 12 पर




खबर संक्षेप

## बाजार में बिखरी सेवई की खुशबू



**मैनपुर।** ईद के मौके पर हर वर्ष बाजार में मीठी सेवाई मिलती है सेवई को ईद में खाने और खिलाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है ईद पर बाजार में कई तरह के सेवाई मिलती है जैसे दुध से बनी सेवई, सिर खुरमा सेवाई, सरबती सेवाई, सुखी सेवाई इन दिनों मैनपुर नगर में सेवाई बेचने बहार से लोग पहुंचे हुए है। मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा ईद पर्व को लेकर जोरशोर से तैयारी की जा रही है सेवाई की खरीदी बिक्री की जा रही है साथ ही कपड़ा दुकानों में भी भींड लगी हुई है।

## अरंड में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**महासमुंद।** ग्राम अरंड (मोहंदी) में 30 मार्च रविवार से 5 अप्रैल शनिवार तक सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी ग्राम बीकेबाहरा (खल्लारी) द्वारा अमृतमयी भागवत कथा का श्रवण भक्तों को कराया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा। प्रथम दिवस 30 मार्च को कलश यात्रा निकाली जाएगी। गौरी पूजन पश्चात गोकर्ण कथा का वाचन होगा। 31 मार्च को बारह अवतार, कविल अवतार कथा, 1 अप्रैल को सती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह कथा, 2 अप्रैल को ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार कथा, 3 अप्रैल को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कथा, 4 अप्रैल को दही लूट, रासलीला, रूकमणि विवाह कथा तथा 5 अप्रैल को सुदामा चरित्र, पूर्णाहुति पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी।

पेज 11 के शेष...

## प्रधानमंत्री नरेंद्र...

बजे अभनपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन अभनपुर से 10:20 बजे रवाना होकर 10:28 बजे केंद्री, 10:42 बजे सीबीडी, 11 बजे मंदिर हसौद और 11:45 को रायपुर पहुंचेगी।

## मानसगान प्रतियोगिता...

महिला मानस मंडली उमरगांव, स्वरागिनी मानस मंडली बीजा बैरागी कवर्धा, श्रीराम मानस मंडली राकसे कवर्धा, मधुरिमा मानस मंडली परिवार बरोंडा चौक महासमुंद, शिवप्रिया बालिका मानस मंडली परिवार रूआतला, मां शीतला सांस्कृतिक पंडवानी राजपुर, पीपर के छइहां रामनाम के द्वीप मानस मंडली महाराष्ट्र हैं।

## रांवड़ में श्रीमदभागवत...

कुंवर बाई निषाद, नरबतिया निषाद, हेमलाल निषाद, दयाराम निषाद एवं अन्य मृत पुण्यात्मा के पुण्य स्मृति में कुंवरबाई निषाद द्वारा आयोजित किया गया है। 29 मार्च को वामन अवतार समुद्र मंथन, 30 मार्च को राम-कृष्ण जन्म कृष्ण बाललीला, 31 मार्च को वृंदावन शोभा दही लूट, 1 अप्रेल को रूखमणी विवाह प्रद्युम्न जन्म, 2 अप्रेल को सुदामा चरित्र तुलसी वर्षा एवं 3 अप्रैल को गीता प्रवचण हवन पूजन पूर्णाहुति महाप्रसादी भंडारा का आयोजन होगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हो रहे है।

समस्या : पेयजल के लिए लोगों को दूर-दराज के हैंडपंपों और कुओं का लेना पड़ रहा सहारा

# कोपरा में दो दिनों से ब्लैक आउट, गर्मी में बूंद-बूंद पानी को तरस रही जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



नगर पंचायत कोपरा में बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते पिछले दो दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है, जिससे नागरिकों का जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। गर्मी अपने चरम पर है और ऐसे में बिजली गुल होने से न केवल घरों में घुटन महसूस हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी ठप्प पड़ गई है, जिससे लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

28 मार्च की रात जब बिजली गुल हुई, तो लोगों को लगा कि यह कोई मामूली फाल्ट होगा और जल्द ही ठीक हो जाएगा। लेकिन उनकी उम्मीदें तब धराशायी हो गईं, जब अगले दिन भी बिजली का कोई अता-पता नहीं रहा। भीषण गर्मी में पंखे और कूलर बंद होने से घरों में रहना मुश्किल हो गया है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों का हाल बेहाल है। बिजली गुल होने का सबसे बड़ा असर पानी की आपूर्ति पर पड़ा है। बिजली से चलने वाले पंप बंद होने के कारण घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों को दूर-दराज के हैंडपंपों और कुओं का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। सिर्फ आम जनजीवन ही नहीं, बिजली गुल होने से आपराधिक तत्वों के हौसले भी बुलंद हैं। अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी और अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के अंधेरे में उन्हें डर के साये में जीना पड़ रहा है।

### विभाग की लापरवाही उजागर

जब इस गंभीर समस्या को लेकर नगरवासी सब स्टेशन कोपरा पहुंचे, तो वहां उनकी निराशा और बढ़ गई, क्योंकि वहां केवल एक कर्मचारी मौजूद था। जेई जॉनसन से संपर्क करने पर उन्होंने दो जगहों का प्रभार होने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। कोपरा के नागरिकों का कहना है कि विद्युत विभाग की यह लापरवाही अक्षम्य है। गर्मी के मौसम में बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का ठप्प हो जाना प्रशासन की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

### सड़कों पर उतरकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। अब देखना यह है कि कब तक कोपरा के लोगों को इस अंधेरे और पानी की किल्लत से मुक्ति मिलती है और विद्युत विभाग अपनी नींद से जागता है। क्या चोरों की चांदी होती रहेगी या फिर प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करेगा? यह एक बड़ा सवाल है जिसका जवाब कोपरा की जनता बेसब्री से इंतजार कर रही है।

# सिंचाई विभाग से निस्तारी पानी देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

भीषण गर्मी में नगर के वार्डों में जल स्त्रोतों में कमी आने पर पेयजल से लेकर निस्तारी की विकट समस्या आ गई है। सिंचाई विभाग के द्वारा निस्तारी पानी मे कटौती करने पर स्थिति निर्मित हुई। जिससे अंचल के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। नगर पंचायत ने प्रथम बैठक में शासन से पानी देने की मांग रखी। कहा की निस्तारी पानी नहीं मिलने पर आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि नहरों से देने वाले निस्तारी पानी को नाम मात्र चलाया जा रहा है जिसके कारण नगर के तालाबों मे जलभराव की स्थिति नहीं बन पा रही है जिसके चलते नागरिकों को नल से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे स्थिति मे नगर पंचायत के द्वारा टेंकरों से वार्डों में पानी भेजा जा रहा है। सीमित टेंकर होने के कारण सभी वार्डो में उपजी इस समस्या को लेकर लोगों को समय पर पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है जिसके चलते पेयजल एवं निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि जिस सिंचाई विभाग के उपर निस्तारी पानी देने का भरोसा रहता था वहीं सिंचाई विभाग आम जनता के साथ दगा कर रहा है। नगर पंचायत फिंगेश्वर के बैठक में अध्यक्ष राजेन्द्र सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास एवं पार्षदों के प्रथम बैठक में तमाम एजेंटों के साथ साथा पानी की समस्या को लेकर विचार विमर्श हुए जिसमें सिंचाई विभाग से निस्तारी पानी देने की पुनः मांग रखने की बाते हुई। वहीं पर निस्तारी पानी समय पर नहीं देने से जनआंदोलन की गंभीर चर्चा हुई। ज्ञात हो कि जब से सिंचाई विभाग के एसडीओ जोशी का स्थानांतरण हुआ है तब से यहां पर एसडीओं का पद रिक्त है प्रभारी एसडीओं राजिम फिंगेश्वर सिंचाई विभाग का बागडोर थामे है लेकिन पानी की स्थिति का सम्हाल नहीं पा रहे हैं।

# रानीपरतेवा में ग्रामीण विकास समिति के अध्यक्ष सोमन और रामप्रसाद बने सचिव



**मुड़ागांव(कोरासी)।** छुरा विकास खंड के ग्राम रानीपरतेवा में परंपरा अनुसार ग्रामीण विकास समिति ग्रामीण सभा का पुनर्गठन गठन किया गया। यह समिति ग्राम के ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण व ग्राम विकास में सकारात्मक भागीदारी निभाती है। इस समिति का चुनाव पंचायत चुनाव के बाद गांव के समस्त ग्रामीणों की उपस्थिति में होती है। इसका कार्यकाल 5 वर्षों का होता है। ग्रामीणों की भारी एवं गरिमामय उपस्थिति में इस वर्ष ग्राम विकास समिति ग्रामीण सभा के सदस्यों का चुनाव निर्विरोध व निर्विवाद रुप से सम्पन्न हुआ। जिसमें सोमन यदु अध्यक्ष, रामप्रसाद शांडिल्य सचिव और मुकेश कुमार साहू कोषाध्यक्ष बनाए गए।

समिति के अन्य सदस्यों में पदेन सदस्य के रूप में पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, हेमलाल नेताम सरपंच, साधूराम निषाद ग्राम पटेल, संरक्षक के रूप में प्रहलाद यदु,धनसाय निषाद, कन्हैया लाल निषाद और कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रमन नामदेव, तेजा साहू, धर्मेन्द्र कुमार यदु, राजू मरकाम, रघुनाथ साहू, हरिश्चन्द्र निषाद, डोमन निषाद और नारायण साहू चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर चंदन, वंदन व नमन किया गया। इसी कड़ी में निवर्तमान पदाधिकारियों द्वारा नए पदाधिकारियों को रजिस्टर सौंपकर चार्ज दिया गया। अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष सोमन यदु, जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर और संरक्षक प्रहलाद यदु द्वारा आम जनता को संबोधित किया जिसमें सभी ने ग्राम विकास में एक साथ मिलकर चलने की बात कही गई। सम्मिलन का सफल संचालन ग्राम विकास समिति ग्रामीण सभा के वरिष्ठ सदस्य रमन नामदेव ने किया।

## त्रिवेणी संगम में चल रही धार...



**राजिम।** त्रिवेणी संगम राजिम में इन दिनों पानी की धार चल रही है। लोग जी भरकर डुबकी लगा रहे है। गर्मी के इस मौसम में पानी की धार देखकर हर किसी को सुकुन का ऐहसास हो रहा है।

# तौरेंगा के ग्रामीण अंधेरे में जिंदगी जीने को मजबूर हैं : लोकेश्वरी



**मैनपुर।** जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य लोकेश्वरी नेताम शनिवार को ग्राम तौरेंगा, इदागांव, बुढगेलटप्पा पहुंचे तो स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे - बाजे के साथ फुलमाला से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं से उन्हे अवगत कराते हुए बताया कि आजादी के 76 वर्षों बाद भी ग्राम तौरेंगा में बिजली की रौशनी नहीं पहुची है, जबकि इस गांव के ऊपर से बिजली के मुख्य तार देवभोग के तरफ गया है, बावजूद इसके आज तक इस गांव में बिजली नहीं लगाने के कारण ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने मजबूर हो रहे है, साथ ही गांव में जो सौर उर्जा लगाया गया है क्रेडा विभाग द्वारा देखरेख नही करने के कारण महज 01 से 02 घंटा जलने के बाद पुरी रातभर ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता है कई ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधा के साथ ही डॉक्टर की मांग किए और पेयजल समस्या से अवगत कराया। इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत तौरेंगा के सरपंच सोहन्तीन सोरी, इदागांव के सरपंच गुरूवारी बाई धुरव, पार्वती नागेश, रमेश धुरव, राजकुमार, मोतीराम, जलोराम, पवित्र, खिलावनराम, दिनेश कुमार, राजमन, भगत राम, भोलाराम, केशरी, सुनिता, सोहद्रा बाई, तन्नु राम, लिले"वरी बाई, उकिया बाई,. प्रियंका बाई, रमुला, उर्वशी, टिके"वरी, मदना बाई , हरीसिंह नेताम, मुरली धर नागेश, तिलउ यादव, सदाराम यादव, परमानंद नेताम, कार्तिक, मानसिंह बस्तीया, बीजु नेताम, केशरी धुरव, लखुराम, कुमारी बस्तिया एंव बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# साहू संघ ने नपं अध्यक्ष व सभापति का किया सम्मान

**राजिम।** नगर साहू संघ द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं वार्ड नं 14 के पार्षद सभापति कुलेशवर साहू का सम्मान किया। सभापति कुलेश्वर ने आभार प्रकट किया।

## जनपद उपाध्यक्ष खेलूराम साहू भाजपा में हुए शामिल

**अभनपुर।** भाजयुमो खोरपा मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा ने नेतृत्व मे जनपद पंचायत अभनपुर के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित खेलू राम साहू एवं जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक को भाजपा प्रवेश करने पर शॉल, श्रीफल पुष्पगुच्छ के साथ सम्मान किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओ संगठन की मजबूती व आगामी कार्यक्रमो के बारे मे भी चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक इन्द्रकुमार साहू भी मौजूद रहे। इस अवसर पर लक्ष्मण निषाद,हेमलाल सोनकर, प्रशांत ठाकुर, अश्वनी साहू, रिंकू साहू, चन्द्रकांत सोनकर, लोकेश साहू, योगेश साहू, पंचू राम साहू, कृ ष्णा निषाद,तिजू राम साहू उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने ग्रामीणों को फिल्टर बाल्टी किया वितरित



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के अंदर निवास करने वाले ग्राम साहेबिनकछार, नागेश क्षेत्र के ग्रामीणों को शुध्द पेयजल उपलब्ध हो सके इसके लिए वन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के विशेष प्रयास से कोयबा जन समस्या निवारण शिविर स्थल में उदंती अभ्यारण्य के भीतर निवास करने वाले ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिल सके इसके लिए जिला प्रशासन एवं वन विभाग की तरफ से टेराफिल फिल्टर एवं एक्टुटेड एलुमिना से युक्त फिल्टर बाल्टी प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीओं गोपाल कश्यप, वन परिक्षेत्र अधिकारी चन्द्रबली ध्रुव, डीएन सोनी, पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, अर्जुन नायक एवं बड़ी संख्या में वन विभाग के कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# प्रवासी मजदूरों के सशक्तिकरण के लिए हुआ समन्वय कार्यशाला



**मुड़ागांव(कोरासी)।** साथी समाज सेवी संस्था द्वारा जिले में चल रहे प्रवासी मजदूरों के लिए जनसाहस संस्था के सहयोग से MRC प्रोग्राम को चलाया जा रहा है जिसमें संस्था द्वारा प्रवासी मजदूरों को उनके अधिकारों की जानकारी एवं विभिन्न शासकीय लाभों को दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं जिससे जिले में प्रवासी मजदूरों के साथ होने वाले दुविधाओं को कम कर सुरक्षित प्रवास को सुनिश्चित कर पाए, जिसमें जिले के विभिन्न शासकीय विभागों के सहयोग एवं मदद की उपेक्षा होती है एवं मिलती है जिसे एक समझ स्थापित करने के लिए साथी समाज सेवी संस्था संस्था द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें श्रम विभाग से पूर्णानंद साहू, पद लेबर वेल्फेयर ऑफिसर, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. योगेश सिन्हा DPM, जिला चाइल्ड लाइन योगेश्वरी पटेल और सहयोगी संस्थाओं के रूप में प्रयोग और खोज संस्था के शामिल हुए एवं जिले में चल रहे प्रवासी मजदूरों के सशक्तिकरण के लिए कैसे एक जुट होकर कार्यक्रम में मजदूरों के हित के लिए काम कर पाएंगे इस पर चर्चा हुई। जिसमें MRC प्रोग्राम का उद्देश्य एवं लक्ष्य जनसाहस के विनोद सोनी द्वारा बताया गया एवं मजदूरों के साथ हो रहे समस्याओं एवं बंधुआ, मानवतस्करी, बाल मजदूरी जिसे समस्याओं को अधिवक्ता दिवेश कुमार द्वारा समझाया गया एवं संस्था के कामों को संस्था के हिमांशु एवं जिले के समन्वयक श्रीराम साहू द्वारा साझा किया गया। अंत में सभी संबंधित पक्षों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में कार्यक्रम को और आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई गईं।

# अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है: विष्णु दुबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

■ परसदाकला में भागवत कथा जारी

व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। ग्राम परसदाकला में पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के पंचम दिवस पर भगवताचार्य पं. विष्णु प्रसाद दुबे नवीन जोराताउ कुरुद, परायण कर्ता भानूप्रतापपुर तिवारी सरायपाली ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास आचार्य ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे।

# बस स्टैण्ड में प्याऊ घर का शुभारंभ




**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बस स्टैण्ड में आने जाने वाले राहगीरों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पडता है। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसके बाद मैनपुर के नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती हनिता नायक ने प्याऊ घर का निरीक्षण किया पुराने प्याऊ घर के फ्रीजर मे करंट और खराबी आने के कारण उसे सुधार के लिए कहा गया है लेकिन आने जाने वाले लोगो को पानी की दिक्कत न हो और ठंडा पानी उपलब्ध हो सके इसके लिए मैनपुर सरपंच हनिता नायक ने तत्काल अस्थाई प्याऊ घर प्रारंभ किया है साथ ही अपने हाथों से लोगों को पानी पीलाकर इसका शुभारंभ किया और पंचायत के कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि बस स्टैण्ड में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो। सरपंच हनिता नायक ने बताया कि मैनपुर के स्थाई प्याऊ जल्द प्रारंभ किया जायेगा यहां फ्रीजर में खराबी आ गई है जिसे सुधार करने कहा गया है, उन्होने बताया कि नगर में आने जाने वाले लोगों के लिए गर्मी के दिनों में और भी प्याऊ खोलने की जरूरत है तो उसे भी जल्द खोला जायेगा।

## खबर संक्षेप

### खिलोरा के हिमांशु नवोदय में हुआ का



**अभनपुर।** ग्राम खिलोरा निवासी हिमांशु पटेल का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कक्षा 6वी प्रवेश परीक्षा मे हुआ है। हिमांशु केरला मिशन स्कूल सेजबहार से कक्षा पांचवी तक पढ़ाई किया है ,परिवार ने हिमांशु की मेहनत और शिक्षको के मार्गदर्शन को उनकी सफलता का श्रेय दिया है। इस सफलता पर शिक्षक बीआर रात्रे,दिलेश्वर पटेल,ओमलता पटेल,भगवती पटेल,बुधवंतीन पटेल,रामेश्वर पटेल,नेहा पटेल,किरण पटेल व अन्य शुभचिंतको ने बधाई दी है।

### तुलसी निषाद का नवोदय में चयन



**राजिम।** ग्राम बरोंडा के तुलसी निषाद का चयन कक्षा छठवीं में जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। यह छात्रा प्रारंभ से ही मेधावी रही है। उन्हें गोकुल निषाद, वेदकुमारी निषाद, कुणाल निषाद, प्राथमिक शाला बरोंडा के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने बधाई दी है।

### 120 वर्ष तक जामुन का वृक्ष अब बन चुका गश्ती का पेड़



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर नेशनल हाईवे 130 सी के किनारे विक्की किराना स्टोर के सामने लगभग 120 वर्ष पुराना जामुन का वृक्ष है इस जामुन के वृक्ष में बडे -बडे रसदार जामुन का स्वाद लगभग मैनपुर व क्षेत्रभर के लोगों ने लिया है लेकिन आपको यह जानकार आश्चर्य होगा कि यह जामुन का वृक्ष धीरे- धीरे सुख गया और देखते ही देखते यह वृक्ष में छोटा से पौधा गश्ती का लगा और पूरा वृक्ष अब जामुन के स्थान पर गश्ती का वृक्ष में बदल चुका है जो अब पूरी तरह से मजबूत है और नगर में आने वाले लोगों के लिए छांव का सहारा भी बना हुआ है।

### सफाई कर्मचारी को नहीं मिला 4 माह से मानदेय

**छुईहा बेलर।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ फिंगेश्वर को आवंटन के अभाव में हायर सेकंडरी मिडिल स्कूल के सफाई कर्मचारी को आवंटन के अभाव में विगत 04 माह से मानदेय राशि नहीं मिला जिससे कर्मचारी में भारी आक्रोश प्रशासन पर दिख रहा है। संघ के सदस्य चेतन सिन्हा कुण्डेल ने कहा की अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ 2011 से अल्प मानदेय में सरकारी स्कूलों में 02 घंटे स्कूल लगने से पहले साफ सफाई के लिए नियुक्त किया गया है। लेकिन पूरा ईमानदारी के साथ में, मोर स्कूल मोर जिम्मेदारी, के तहत काम कर रहे हैं। हम सब सभी गरीब परिवार से आते हैं। एक छोटे कर्मचारी का पूर्ण कालीन कलेक्टर दर भुगतान 02 घंटे ड्यूटी की जगह 08 घंटे ड्यूटी स्कूल में उसे पूरा नहीं कर रहे हैं केवल आश्वासन दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष चोवाराम गंधर्व ने जिला शिक्षा अधिकारी से भी हर माह मानदेय राशि के लिए निवेदन पत्र दिया जिसे अश्वासन दिया की जल्द ही आप लोगों का वेतन के रूप में मानदेय राशि मिल जाएगा। फिंगेश्वर ब्लाक अध्यक्ष तरून कुमार साहू ने जून माह का पूरा वेतन के रूप में मानदेय राशि दिए जाने को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी से अपने प्रतिनिधि मंडल के माध्यम से मुलाकात किया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी का लिखित आदेश होने के बाद आप लोगों को जून माह मानदेय राशि मिलेगा बोला जिसमें ब्लाक अध्यक्ष ने कहा की 16 जून को अगर मानदेय राशि मिलेगा तो उसी दिन से फिंगेश्वर ब्लाक के बीईओ आफिस के कर्मचारी काम में जाएंगे।

---

**अनोखी परंपरा:** जहां मन्नतें होती हैं पूरी, माता निरई के जातरे में उमड़ते हैं लाखों श्रद्धालु

# निराई माता जातरा में न श्रृंगार, न कुमकुम सिर्फ नारियल का चढ़ावा व बकरों की बलि की है परंपरा


हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

अपनी अनूठी परंपरा को निभाते हुए, छत्तीसगढ़ के मगरलोड विकासखंड के ग्राम मोहेरा और आश्रित ग्राम निरई में आज, 30 मार्च रविवार को माता निरई का जातरा मनाया जा रहा है। ख़ास बात यह है कि साल भर बंद रहने वाले माता निरई के मंदिर के पट केवल इसी जातरा उत्सव के लिए खुलते हैं। चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व आज से ही शुरू हो रहा है और इस वर्ष नवरात्रि के पहले दिन ही इस विशेष जातरे का आयोजन हो रहा है। माता निरई की महिमा दूर-दूर तक फैली है, जिसके दर्शन के लिए मगरलोड, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नयापारा, राजिम, महासमुंद समेत कई जिलों से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। माता निरई के प्रति गहरी आस्था रखने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर माता को बकरे की बलि अर्पित करते हैं। यही कारण है कि जतरा के इस विशेष रविवार के दिन हजारों की संख्या में भक्तगण माता के समक्ष बकरों की बलि चढ़ाते हैं। यह परंपरा माता के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा और विश्वास का जीवंत प्रमाण है। जिला मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मोहेरा में माता निरई का यह जातरा किसी रहस्य से कम नहीं। देशभर में कई चमत्कारी मंदिर हैं, लेकिन माता निरई अपनी विशिष्टता के कारण अलग पहचान रखती हैं। यहां पहाड़ी पर स्थित माता की गुफा साल में केवल एक बार खुलती है, और चैत्र नवरात्रि से पहले रविवार को इस गुफा में अनवरत प्रज्वलित दिव्य ज्योति के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लग जाता है।

- साल में एक बार खुलते हैं माता निरई के कपाट
- चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को उमड़ता है आस्था का सैलाब

### महिलाओं का प्रवेश वर्जित, निराकार देवी की कहानी

निराई माता सेवा समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर और पुजारी नरोत्तम ध्रुव बताते हैं कि घने जंगल के बीच पहाड़ी पर स्थित माता निरई की गुफा में दिव्य ज्योति हमेशा जलती रहती है, जिसके दर्शन साल में एक बार चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को ही होते हैं। देवी के निराकार स्वरूप के कारण ही उनका नाम निराई माता पड़ा। माता निरई के इतिहास के बारे में बताते हुए उन्होंने एक रोचक कथा सुनाई। पहाड़ी के नीचे खार में एक सिद्ध पुजारी रहता था, जो बाघों को हल में जोतकर खेती करता था। पुजारी की भक्ति से प्रसन्न होकर माता उसे एक कुंवारी कन्या के रूप में दर्शन देती थीं, उसके लिए भोजन लाती थीं और अपने हाथों से खिलाती थीं। एक दिन पुजारी की पत्नी ने यह दृश्य देख लिया और क्रोधित होकर देवी से झगड़ने लगी। पुजारी की पत्नी के इस व्यवहार से रुष्ट होकर देवी अंतर्ध्यान हो गईं और कहा कि आज के बाद वह किसी स्त्री का मुख नहीं देखेंगी, तभी से महिलाओं का मंदिर में प्रवेश वर्जित है।



### लाखों श्रद्धालु और अनूठी पूजा

इस विशेष दिन, माता के जातरे में लगभग एक लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। यहां हजारों बकरों की बलि दी जाती है। दिलचस्प बात यह है कि माता निरई को सिंदूर, श्रृंगार, कुमकुम, गुलाल या सुहाग की सामग्री नहीं चढ़ाई जाती, बल्कि उनकी पूजा नारियल और अगरबत्ती से की जाती है। मान्यता है कि शराब पीकर दर्शन करने जाने वालों को मधुमक्खियों के प्रकोप का सामना करना पड़ता है।



### कटरे की स्थापना और अटूट विश्वास

सेवा समिति के संरक्षक नेमलाल साहू ने बताया कि पहले चैत्र नवरात्रि में पहाड़ी पर ही पूजा-पाठ किया जाता था। एक बार पुजारी पूजा करके वापस आ रहा था तो उसका नींबू काटने का हथियार (कटरा) वहीं छूट गया। जब वह उसे लेने वापस गया तो उसने देखा कि माता अपनी अन्य देवियों के साथ भोजन कर रही हैं। तभी माता ने उसे वहीं रुकने को कहा और अपना कटरा फेंक दिया, यह कहते हुए कि जहां पर यह गिरा है, आज से वहीं पर उसकी पूजा होगी। तभी से पहाड़ी के नीचे गिरे हुए कटरे के स्थान पर ही पूजा-पाठ होता है। उन्होंने आगे बताया कि 12 महीनों में केवल एक बार, चैत्र नवरात्रि के पहले रविवार को ही माता का स्थान दर्शन के लिए खुलता है। माता को केवल सोना और चांदी की भेंट चढ़ाई जाती है, कुमकुम, श्रृंगार, गुलाल और चंदन से उनकी पूजा नहीं होती। देवी के दरबार (गुफा) में बिना तेल के अनवरत ज्योति जलती रहती है, जिसके दर्शन भाग्यशाली लोगों को ही मिलते हैं। भक्तों का अटूट विश्वास है कि माता की श्रद्धा से पूजा करने से संतान, व्यवसाय, स्वास्थ्य और अदालती मामलों जैसी अनेक समस्याओं का समाधान हो जाता है। जातरा के इस विशेष दिन छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उड़ीसा समेत कई अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। जातरा के पहले दिन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए समिति द्वारा भंडारे की भी व्यवस्था की जाती है। यह सचमुच एक अद्भुत और रहस्यमयी परंपरा है, जो माता निरई के प्रति अटूट आस्था का प्रतीक है।

---

## 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**छुरा।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा छुरा में कक्षा 11 के छात्र- छात्राओं ने कक्षा 12वीं के वरिष्ठ सहपाठियों के लिए एक भव्य और भावनात्मक विदाई समारोह का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों, शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह समारोह न केवल विदाई का एक अवसर था, बल्कि विद्यालय में बिताए गए यादगार पलों को संजोने और भविष्य के लिए शुभकामनाओं का प्रतीक भी बना।कार्यक्रम की शुरुआत अपराह्न 4:00 बजे मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलाकांत यादव और कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने इस औपचारिक शुरुआत में भाग लिया।



इसके बाद कक्षा 11 की छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। जिनमें नृत्य, गायन और खेल शामिल थे। इन प्रस्तुतियों में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल का खिताब कामदेव को और मिस फेयरवेल का खिताब डॉली मानसी ध्रुव को प्रदान किया गया। दोनों विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। विद्यार्थियों ने अपने उद्बोधन के दौरान अपने अनुभव साझा किए।

### *अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें*

*इस दौरान कई छात्र-छात्राएं उन क्षणों को याद कर भावुक भी हो गए,प्रधानाचार्य डॉक्टर कमलाकांत यादव ने कहा की आप सभी ने इस विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। जीवन में मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम के अंत में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने सीनियर्स को उपहार भेंट किए गए। कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा समस्त विद्यालय परिवार को स्मृति चिन्ह के रूप में एकलव्य की मूर्ति भेंट की गई। यह विदाई समारोह न केवल कक्षा 12 के छात्रों के लिए एक अलविदा था, बल्कि कक्षा 11 के छात्रों के लिए भी अपने सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करने का अवसर रहा।*

## पानी पीते वन्यप्राणी गौर कैमरे में कैद...



**मैनपुर।** उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वन्य प्राणी गौर भारी संख्या में पाए जाते हैं और शनिवार को वन्य प्राणी गौर तालाब में पानी पीते हुए तस्वीर कैमरे में कैद हुई है। बडी संख्या मे गौर की झुण्ड तालाब में पानी पीते दिखाई दे रहें हैं।

## लोगों को लुभा रहा गार्डन

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 28 किलोमीटर दूर जिले के प्रमुख सिंचाई बांध सिकासार जलाशय में बिजली संयत्र का स्थापना किया गया है। इस बिजली संयत्र स्थल में विभाग द्वारा मिनी गार्डन का निर्माण कर विभिन्न प्रकार के फूल और आकर्षक पौधों को लगाया गया है जो अब तैयार हो गया है और अपनी छटा बिखेर रही है गर्मी के इन दिनों में यहां पहुंचने वाले शैलायिनों और पर्यटकों को यह अपने तरफ आकर्षित कर रहा है।





## नवरात्रि व ईद को लेकर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर थाना परिसर में आज शनिवार को नवरात्र एंव ईद पर्व को सदभावना पूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान एसडीओपी पुलिस विकास पाटले, थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, मैनपुर सरपंच श्रीमती हनिता नायक विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने सभी से अपील किया की नवरात्रि एवं ईद का पर्व में आपसी भाईचारा बनाए रखे। इस दौरान धार्मिक स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की बात कही। बैठक में उपस्थित सभी लोगो ने कहा कि मैनपुर में सदभावना अनरूप सभी त्यौहार मनाए जाते हैं और सभी लोग एक दूसरे के त्यौहार में शामिल होते हैं यह परम्परा आगे भी रहेगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से सरपंच हनिता नायक, मुस्लिम समाज मैनपुर के अध्यक्ष हनीफ मेमन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, अलोक गुप्ता, हुलार ठाकुर, हॉजी गफ्फु मेमन, शेख हसन खान, हफीज खान, सुखराम नागेश, ऐस कुमार कश्यप एवं नगर के लोग उपस्थित थे।

## भवसागर को पार करने का सरल मार्ग है श्रीरामचरितमानस : सिन्हा

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अयोध्या की भांति सजे पावन ग्राम करकरा में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीरामचरित मानसगान सम्मेलन आयोजित हुआ। कोसरिया मरार (पटेल) समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मंगल कलश यात्रा के साथ सम्मेलन का श्री गणेश किया गया। पतित पावन सत्संग का लाभ लेने के लिए कोसरिया मरार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष तेजराम पटेल, सचिव नारायण पटेल, संरक्षक सुखराम पटेल, श्री राघवेंद्र मानस संघ संरक्षक सेवानिवृत्त व्याख्याता केआर सिन्हा, संचालक नोहर पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रांतीय सचिव हेमलाल पटेल, शाकंभरी शक्तिपीठ संरक्षक संतोष पटेल, उपाध्यक्ष थूकेल पटेल, सह सचिव भीखम पटेल, सदस्य भोज पटेल, टेमन पटेल, आईसराम पटेल, रिखीराम पटेल, सैंड आर्ट कलाकार मोहन नेताम एवं पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा पहुंचे। सभी अतिथियों का अक्षत, कुमकुम, चंदन, श्रीफल, अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। करकरावासी अपने गुरु केआर सिन्हा को अपने बीच पाकर गदगद हो गए। प्रख्यात जसगीत गायक केआर सिन्हा ने कहा कि श्रीरामचरित मानस भवसागर से पार उतरने का सरल, सहज मार्ग है। राम नाम के उच्चारण मात्र से ही सारे तीर्थ का पुण्य प्राप्त हो जाता है।

छत्तीसगढ़ के नामचीन मानस परिवार ज्ञान गंगा मानस परिवार करकरा, सुमिरन मानस परिवार अमेठी, भूमिजा मानस परिवार गुढ़ियारी रायपुर, लोकरंग पंडवानी बोरिद, जय मां शारदा मानस परिवार सरईपाली कोमाखान, रामरंग मानस परिवार खल्लारी बागबाहरा, श्री रुद्राक्ष मानस परिवार करंजा भिलाई, जय गुरुदेव हरिकीर्तन फिंगेश्वरी, मोर मयारू मानस परिवार गुदगुदा धमतरी, जय परमेश्वरी बालिका मानस परिवार कोटेरा बालोद, शुभांजलि मानस परिवार जीवतरा, परमेश्वरी मानस परिवार सेंहरतरा, साईं कृपा मानस परिवार जीवतरा, हंसवाहिनी बालिका मानस परिवार भिलाई ने राम नाम की अविरल धारा प्रवाहित किया। सत्संग के आयोजन में केजू राम पटेल राजिम राज सदस्य, राजेश कुमार पटेल शाकंभरी मरार मंदिर सदस्य घाटखाल्हे, तिलक राम पटेल ग्रामीण अध्यक्ष, पीतांबर पटेल ग्राम सचिव, उमाशंकर पटेल कोषाध्यक्ष, हेमकुमार पटेल ग्राम पंच, प्रेमलाल पटेल ग्राम पंच, हेमराज पटेल ग्राम पंच, परमेश्वर पटेल ग्राम पंच, भूपेंद्र पटेल ग्राम पंच, भागीरथी पटेल ग्राम पंच, शेखचंद पटेल लेखापाल, टिलेश पटेल संरक्षक, मेघनाथ पटेल संरक्षक, इंदल, नरसिंह, हेमसिंग एवं समस्त ग्रामवासियों ने भागीरथ प्रयास किया। कौशिल्या भंडार में सभी ग्रामवासियों द्वारा भोजन प्रसादी का बहुत सुंदर व्यवस्था किया गया था। सैकड़ों श्रद्धालु प्रतिदिन भंडारा में प्रसादी ग्रहण किए।



---

**साहू समाज के साथ-साथ सभी समाज के लोगों का प्रतिनिधित्व रहा**

## होली मिलन समारोह में दिखा सामाजिक समरसता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नगर साहू संघ राजिम द्वारा होली मिलन एवं सम्मान समारोह नगर साहू संघ भवन राजिम में संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव प्रमुख अतिथि जितेंद्र राजू सोनकर कृषक सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष एवं राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू की अध्यक्षता में भगवान श्री राजीव लोचन एवं राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। सर्वप्रथम नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव को साल श्रीफल एवं फूल माला पहनकर समाज की ओर से उपस्थित सभी सदस्यों ने अभिनंदन किया उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत राजिम के समस्त पार्षदों का भी सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित नगर पंचायत राजिम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेश यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज के द्वारा सामाजिक समरसता की भावना को प्रगाढ़ बनाने के लिए सभी समाज के लोगों का हमेशा सम्मान करता रहा है और यह समाज साहू समाज के लोगों की बड़प्पन है। एवं साहू समाज का राजिम नगर के विकास में सदैव सकारात्मक भूमिका रही है विशेष अतिथि के रूप संघ के संरक्षक चमरू राम साहू झाड़ू राम साहू मंदिर समिति के उपाध्यक्ष नूतन साहू किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू एवं नवनिर्वाचित पार्षद तुषार कदम जानकी पटेल नरोत्तम ठाकुर भारत यादव उत्तम निषाद बलराम यादव सुरेश पटेल टैंको सोनकर अजय पटेल निराला मंसाराम कुर्रे कुलेश्वर साहू एवं रेखा साहू के प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू उपस्थित रहे।





### अतिथियों को शॉल और श्रीफल से किया सम्मानित

नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष भवानी साहू सचिव राजू साहू उपाध्यक्ष चोवाराम साहू के नेतृत्व में समस्त अतिथियों को शाल श्रीफल और किसान गमछा से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजिम भक्तिन माता समिति के महामंत्री रामकुमार साहू संगठन मंत्री तरुण साहू नगर साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष भोले साहू कोषाध्यक्ष देवलाल साहू, रामजीवन साहू, तरुण साहू पीलू राम साहू, किशन साहू ईश्वर साहू संजय साहू हरिनाथ साहू वेदराम साहू पीलू राम साहू गजानंद साहू एवं महिला प्रकोष्ठ के सीमा साहू राम बाई साहू, उमा साहू, मनीषा साहू, बृज कुमारी साहू, सुशीला साहू, सुनीता साहू, मीना साहू, सुमन साहू एवं सैकड़ो की संख्या में समाज के लोगों की उपस्थित रही। कार्यक्रम में जगन्नाथ पटेलद्वारा फाग गीतों का भी गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजिम भक्तिन माता समिति के महासचिव श्याम साहू द्वारा किया गया। इस तरह हर्षोल्लास के साथ आज होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**खबर संक्षेप**

## नवोदय में चयन होने परवंदिता का हुआ सम्मान



**कोपरा।** सरस्वती शिशु मंदिर जेंजरा की कक्षा पंचम के बहन वंदिता कंवर पिता कुंदन कंवर और बहन गुंजन वर्मा पिता शंकर लाल वर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर दोनों बहनों को संचालक समिति जग जननी मां शीतला बाल कल्याण शिक्षण समिति जेंजरा के अध्यक्ष श्याम सुंदर साहू व सभी पदाधिकारियों के साथ केंद्राध्यक्ष विजय साहू शासकीय प्राथमिक शाला कांशीपरा जेंजरा ने लेखनी देकर सम्मान किया तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य होरीलाल साहू, वरिष्ठ आचार्य मोतीराम पुरेना, ओंकार साहू, गजेश्वर साहू नवोदय प्रमुख और सभी आचार्य दीदियों की ओर से नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लिलीमा का नवोदय में चयन

**पाण्डुका।** प्राथमिक शाला आसरा ब्लॉक छुरा से कुमारी लिलीमा ध्रुव पिता मिथलेश ध्रुव का नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ है। लिलीमा प्रतिभावान छात्रा रही है। उन्होंने अपने माता पिता एवं शिक्षिकाओ का नाम रोशन किया है। उनके मार्गदर्शक एवं संस्था प्रभारी ओमेश्वरी साहू ने बताया कि लगातार दो माह तक नवोदय कोचिंग प्रतिदिन 1 घंटे प्रदान की गयी है ।



### नवरात्रि : कुडेरादादर, दादरगांव नया सहित कई स्थानों पर होगी घट स्थापना

# मंदिरों में आज से आस्था के जगमगाएंगे कलश, नौ दिनों तक होगी शक्ति की भक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

चैत्र नवरात्रि पर अंचल सहित पूरे क्षेत्र में आज यानी रविवार को मनोकामना ज्योति कलश शुभ मुहूर्त पर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रज्वलित किया जाएगा। क्षेत्र के शीतला मंदिरों में ग्राम कुडेरादादर, दादरगाव नया सहित कई स्थानों पर ज्योत व जवारा बोए जाएंगे। आज भक्तों ने विधिवत मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। बेलपत्र, श्रीफल, सुपारी, पान, पंचमेवा, पंचामृत, चुनरी उपयोग में लाया जाएगा। कुछ श्रद्धालुओं ने नींबुओं से बनी माला भी मां को अर्पित करेंगे। आसपास के ग्रामीण अंचल के देवालयों में भी आज शुभ मुहूर्त पर घट स्थापना कर धार्मिक अनुष्ठान शुरू किए जाएगा। नवरात्रि के साथ मंदिरों में जसगीत गायन का दौर शुरू होगा, जहां श्रद्धालु परंपरागत देवी गीत गाकर झूमते नजर आऐंगे। आज से नवरात्रि के साथ भक्ति का महापर्व शुरू होगा, अब पूरे नौ दिनों तक लोगों की आस्था चरम पर रहेंगी। देवी मंदिरों व शीतला मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। भक्ति भरे माहौल में घंटे घड़ियाल गूंजने लगेगें। 30 मार्च को नवरात्र प्रारंभ, 2 अप्रैल को पंचमी और 6 अप्रैल को रामनवमीं पर्व मनाना जाएगा। चैत्र नवरात्र में अलग-अलग दिन मां दुर्गा की 9 रूपों की पूजा अर्चना करने का विधान है। साथ ही जीवन में सभी सुखों की प्राप्ति के लिए व्रत भी किया जाता है। घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6 बजकर 13 मिनट से प्रारम्भ होगा और सुबह 10 बजकर 21 मिनट तक रहेगा। घटस्थापना का अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजे से दोपहर 12 बजकर 50 मिनट तक रहेगा, घटस्थापना की कुल अवधि 50 मिनट की रहेगी। साथ ही साथ चैत शुक्ल प्रतिपदा से ही हिंदू नववर्ष भी प्रारंभ हो जाता है, जिसे हिंदू नव संवत्सर कहा जाता है। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे शक्ति की पूजा आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि इस बार नवरात्रि में सर्वार्थ सिद्ध, ऐंद्र, बुद्ध आदित्य, शुक्र आदित्य, लक्ष्मी नारायण योग बनने से नवरात्रि विशेष फलदायक होगी।



### *सिद्धि माता कर्राबाधिन में नवरात्रि पर होगी ज्योति कलश स्थापना*

***छुईहा बेलर।*** *आदिशक्ति मां दुर्गा स्वरूप कर्रावाधिन मंदिर में चैत्र नवरात्री के मंगलमयी अवसर पर ज्योति कलश स्थापना का कार्यक्रम महामण्डलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज जी सिरकटी आश्रम श्री भगत बाा गिरीराज जी परेवाडीह वाले के मार्गदर्शन में 30 मार्च से 6 अप्रैल तक आयोजित है। इस बिच धार्मिक अनुष्ठान एंव पुजा अर्चना का आयोजन होंगे। इनके संचालन के लिए समस्त सेवा समिति पांच गांव जोगीडिया, बोड़की, फुलझर, चरौदा, चरमट्टी, है। समीति सदस्य वेदराम साहू, भूलू सेन ने कहा समीति ज्योति स्थापना, 2 अप्रैल माता श्रृंगार पंचमी, 5 अप्रैल को अष्टमी हवन पूजन होंगें।*

## घर-घर जाकर पीएम आवास प्लस का सर्वे कर रहे जनप्रतिनिधिगण



**मैनपुर।** ब्लॉक मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत हरदी भाठा मे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो चुका है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 30 अप्रैल तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है। इसी कड़ी में निर्देशो के परिपालन मे गरियाबंद जिले के जनपद पंचायत मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदी भाठा में हितग्राहियों के घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। ताकि पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जा रहा है, सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकते है। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एनआईसी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल पर भी उपलब्ध है। सर्वे 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण किया जाना है, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान ग्राम पंचायत हरदीभाठा के सरपंच मालती बाई कोरम उपसरपंच महेश कश्यप ग्राम पंचायत पंच गण मनोज निर्मलकर जानकी बाई, मुकुंद ठाकुर धनमोतिन जगत ललिता विश्वकर्मा रोजगार सहायक एश कुमारी पटेल सोनिका सोनवानी उपस्थित रहे।

## कुर्मी समाज ने विधायक प्रतिनिधि का किया सम्मान



**छुईहा बेलर।** दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रीय समाज सर्कल राजिम पदाधिकारीयों ने राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा को उनके कार्यालय पहूंचकर मोमेंटो सहित शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मान से विधायक प्रतिनिधि गदगद हुए कहा की मुझे इस लायक समझा और घर पहूंचकर सम्मान किया। विजय कंडरा ने कहा कि दिल्लीवार क्षत्रिय कुर्मी समाज संस्कारवान समाज है। आज 21 सदी का असर सभी समाजों पर होता दिखाई दे रहा है पर कुर्मी समाज में इसका प्रभाव कम पड़ रहा है, इसका कारण समाज द्वारा संस्कार शिक्षा को महत्व देना है। इस समाज से अन्य समाजों को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्लीवार कुर्मी समाज के पुरोधाओं ने समाज को आगे बढाने जो कार्य किया उसे समाज के पदाधिकारी आगे बढाएं। भेंट करने वालों में माखन लाल वर्मा सामाजिक पदाधिकारी केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य, जवाहर वर्मा अध्यक्ष, सर्कल उपाध्यक्ष ओमकार वर्मा, कोषाध्यक्ष ठाकुर राम भार, भुवन वर्म, कोमल वर्मा, संतोष वर्मा हेमन्त, ज्ञानचंद, केवल, पुरूषोत्तम वर्मा, दिलीप वर्मा थे।

## आवासपारा में हुआ बोर खनन



**छुरा।** नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद के आग्रह पर लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा बोर खनन का कार्य आवास पारा में संपन्न हुआ। जिसमें प्रमखु रूप से थानसिंग निषाद पूर्व सभापति, पार्षद रामजी दिवान, हरीश यादव, मितेश ध्रुव भाजपा नेता, जितेंद ध्रुव पार्षद प्रतिनिधि, विनय शर्मा, कमल नाग, जीवराखन, मितेश, ओमप्रकाश बघेल, उपेंद्र निषाद उपस्थित रहे।

## सामाजिक संस्था ने पशुओं के लिए कोटना की व्यवस्था की

**नवापारा-राजिम।** नगर की समाजसेवी सामाजिक संस्था वाय एस एस टीम के सदस्यों द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए मूक व बेजुबान पशुओं के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर सीमेंट से बना पानी का कोटना रखा गया। जिससे इस भीषण गर्मी में बेजुबान पशुओं को पानी के लिए ईधर-उधर कही भटकना न पड़े। यह नेक कार्य संस्था द्वारा नगर में किया गया। संस्था प्रतिवर्ष नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर बेजुबान प्राणियों के लिए कोटना रखवाती है। जिससे जानवरों की प्यास बुझ सके। शहरवासी संस्था के इस नेक कार्य की काफी प्रशंसा कर रहे हैं। वाय एस एस एक सामाजिक संस्था है जो कि जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर मदद भी करती हैं। निर्धन छात्रों की स्कूल फीस, ठंड में गर्म कपड़े व कंबल वितरण, संस्था निस्वार्थ भाव से गरीब, जरूरतमंद लोगों की मदद करती है।



## आईएसबीएम विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में शनिवार को वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया। छात्रों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करना भी है। यह एक पड़ाव है, मंजिल नहीं। विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता डॉ. एन कुमार स्वामी ने कहा कि कॉलेज में पढ़ते हुए आपके पास कई सारी स्मृतियां हैं। आप उन स्मृतियों के साथ विश्वविद्यालय से विदा हो रहे हैं। यहां आपको पाठ्यक्रम के साथ व्यवहारिक शिक्षा भी दी जाती है। छात्र अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने विश्वविद्यालय में किये गए छात्र जीवन की गतिविधियों को आगे विस्तार देना है। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संकल्प की महत्ता समझाई और उन्हें अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों ने भी वरिष्ठ छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें अपने अनुभवों से सीख लेने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। विदाई समारोह में जूनियर छात्र-छात्राओं ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, गायन और कविता पाठ प्रमुख रूप से शामिल रहे। जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके साथ बिताए गए यादगार पलों को साझा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।







